तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 20 जुलाई 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

3 सामुदायिक मंगल भवन निर्माण कार्य का बांकी पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**

Advt.

## खबर संक्षेप

### महिला आईटीआई में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 24 तक

**कोरबा।** शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में संचालित व्यवसाय- कम्प्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, स्टेनोग्राफर एण्ड सेक्रेट्रियल असिस्टेंट हिन्दी में, एवं स्युईंग टेक्नालाजी में, एनसीव्हीटी एवं एससीव्हीटी स्युईंग टेक्नालाजी में 19 सामान्य सीट रिक्त है। पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट में जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 जुलाई है।

### नवोदय विद्यालय में ऑनलाइन आवेदन 31 तक

**कोरबा।** जवाहर नवोदय विद्यालय, सलोरा ने शैक्षणिक सत्र 2027-28 में कक्षा 6वीं की 80 सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। विद्यालय के प्राचार्य जानकी प्रसाद गुप्ता ने बताया कि वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिले के मान्यता प्राप्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया तथा पात्रता संबंधी विस्तृत जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यालय के मीडिया प्रभारी शिक्षक रामावतार साकरे ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

### रुमगरा-बालको मार्ग से आवागमन नहीं हो रहा आसान

**कोरबा।** विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच रुमगरा से बालको जाने वाली सड़क की हालत पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी डामर और जलभराव ने आम लोगों का सफर खतरे से भरा बना दिया है। ऐसा लगता है मानो सड़क नहीं, बल्कि गड्ढों के बीच रास्ता खोजकर लोग अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हैं। बरसात के दौरान गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई दिखाई नहीं देती, जिससे दोपहिया वाहन चालक सबसे ज्यादा हादसों का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग और जनप्रतिनिधि अब तक केवल आश्वासन देते नजर आए हैं। यह मार्ग भारी वाहनों, उद्योगों में काम करने वाले कर्मचारियों, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

### श्रीवास नाई सामाजिक कल्याण समिति की बैठक कल

**कोरबा।** श्रीवास नाई सामाजिक कल्याण समिति के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य, संरक्षक मंडल, मार्गदर्शक मंडल, सैलून संघ, महिला मंडल एवं समस्त स्वजातीय बंधुओं का श्रीवास नाई सामाजिक कल्याण समिति के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ सर्व सेन, नाई समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक 21 जुलाई को दोपहर 12 बजे, अंजनी कुंज में आयोजित की गई है। इस अवसर पर केशशिल्प कला बोर्ड के अध्यक्ष गौरीशंकर श्रीवास राज्यमंत्री एवं फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष सुश्री मोना सेन राज्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन होगा।

# पीएम आवास निर्माण में चल रही गड़बड़ियों की शुरू की जाएगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण अंचलों में बन रहे पीएम आवास के लक्ष्य को पूरा करने की होड़ में पूर्व में बने आवासों की जियो टेगिंग कर फोटो भेजने के मामले की अब जांच किए जाने की तैयारी शुरू हो गई है। ऐसी शिकायतें हाल ही में तिलकेजा सहित अन्य ग्राम पंचायतों से भी आई है।

पीएम आवास निर्माण के दौरान लगातार आ रही शिकायतों और अनियमितताओं को लेकर प्रशासन गंभीरता बरतना शुरू किया है। नए सीईओ के पदभार लेने से केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए पीएम आवास में गड़बड़ी को लेकर अधिकारियों को व्यापक निर्देश दिए थे। उनके निर्देशों के तहत जनपद के अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र में बन रहे पीएम आवास से जुड़े मैदानी अमले और विभागीय अधिकारियों की बैठक लेने के साथ हितग्राहियों के घर पहुंचकर वास्तविक स्थिति की जानकारी लेने लगे हैं। बताया जाता है कि पसान क्षेत्र में सीईओ श्री जैन ने स्वयं हितग्राहियों से पीएम आवास को लेकर बातचीत की थी। सबसे बड़ा ब्लाक होने के कारण विकास खंड पोड़ी उपरोड़ा में लगातार रोजगार सहायक और आवास मित्रों के द्वारा गड़बड़ियां की जा रही थी।

### ग्राम पंचायतों से सामने आई है फर्जी जियो टेगिंग की शिकायत

**खास बातें**

- लक्ष्य को पूरा करने की होड़ में दिखा दिया जा रहा है दूसरे आवास की फोटो
- जिला मुख्यालय तक पहुंची है शिकायत



### विभागीय अधिकारियों के निरीक्षण पर सवाल

पीएम आवास की समीक्षा दफ्तरों में बैठकर करने के बाद मैदानी क्षेत्र में जाकर अधिकारियों के द्वारा किए जाने वाले निरीक्षण पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। समीक्षा के दौरान अधिकारियों के द्वारा ही निर्माण कार्य में प्रगति की बात कही जाती है। जबकि लक्ष्य पूरा करने फर्जी जियो टेगिंग की जा रही है। इससे निरीक्षण किस स्तर का हो रहा है इस पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

### लगातार बारिश होने की वजह से पिछले दो दिनों में बांगो बांध का जल स्तर बढ़ा तेजी से

# हसदेव दर्री बराज का खोला गया था गेट तो बांगो का जलस्तर भी पहुंचा 67 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की जीवनदायिनी कहे जाने वाले मिनीमाता बांगो बांध से इस वक्त एक बेहद सुखद और राहत भरी खबर सामने आ रही है। पिछले दो दिनों से बांध के कैचमेंट इलाके (जलग्रहण क्षेत्र) में हो रही लगातार और अच्छी बारिश की वजह से बांगो बांध का जलस्तर में अचानक वृद्धि दर्ज की गई है तो वहीं हसदेव दर्री बराज में लगातार पानी आने की वजह से बांध के गेट को शनिवार से खोल दिया गया था और वाटर लेवल मेंटनेन होने पर रविवार की सुबह गेट को पुनः बंद कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि बांगो बांध के कैचमेंट इलाके कोरिया, सूरजपुर सहित आसपास के इलके में पिछले दो दिनों में अच्छी बारिश हुई है जिसके चलते रविवार को बांगो बांध का जलस्तर बढ़कर 353.71 मीटर तक पहुंच गया है। बांध की कुल जल भराव क्षमता 359.66 मीटर है, यानी बांध अब अपनी पूर्ण क्षमता से महज कुछ ही मीटर दूर रह गया है। बताया जाता है कि दो दिन पहले ही बांध का वाटर लेवल 62 फीसदी था दो दिनों में बांध 5 फीसदी भर गया है। जल संसाधन विभाग की माने तो 19 जुलाई 2025 को बांध का जल स्तर 350.62 मीटर था, पिछले साल की तुलना करें तो बांध में 3 मीटर पानी शेष है तो वहीं दूसरी ओर हसदेव दर्री बराज के सहायक नदी नालों से भी लगातार पानी आने की वजह से शनिवार को बांध का वाटर लेवल तेजी से बढ़ रहा था। वाटर लेवल को मेंटनेन करने के लिए बांध के एक गेट को लगभग 3 मीटर खोला गया था जिससे पूरी रात हसदेव नदी में पानी प्रवाहित की गई। तब जाकर हसदेव दर्री बराज का वाटर लेवल मेटनेंन हुआ। जिसके बाद रविवार की सुबह बांध के गेट को बंद कर दिया गया।


दर्री डेम के गेट से निकलता पानी।

### किसानों के भी खिल उठे चेहरे

मौसम विभाग और बांध प्रबंधन के अनुसार, यदि कैचमेंट एरिया में बारिश का यही सिलसिला आगामी कुछ दिनों तक ऐसा ही जारी रहा, तो बांगो बांध को पूरी तरह से भरने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा। बांध में पानी की इस बंपर आवक से न सिर्फ कोरबा बल्कि इससे जुड़े जांजगीर चांपा, रायगढ़, सक्ति के किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं। खरीफ फसल के इस सीजन में अब सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलने की उम्मीद जाग गई है। पहले ही किसानों को खेती के लिए पानी दिया जा रहा है। इसके साथ ही, बांध का जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र में जल संकट का खतरा पूरी तरह टल गया है। उद्योगों को मिलने वाले पानी, बिजली उत्पादन और आम जनता के लिए निस्तारी व पेयजल की आपूर्ति अब आने वाले लंबे समय के लिए पूरी तरह सुरक्षित हो गई है।

# ड्यूटी से घर लौट रही युवक को ट्रेलर ने मारी टक्कर, मौत


सड़क हादसे में मृत युवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवक सीएसईबी पावर प्लांट में ठेका कंपनी में काम करता था और पहली पाली की ड्यूटी समाप्त कर मोटर साइकिल में अपने गांव लौट रहा था कि राताखार समीप एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रेलर का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार कुसमुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम बिरदा निवासी हरिहर दास 42 वर्ष पिता इतवारी दास सीएसईबी प्लांट में एक ठेका कंपनी के तहत कार्यरत था। दोपहर लगभग 3 बजे अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद हरिहर अपने मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रताखार मोड़ के पास पहुंचा था कि तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित ट्रेलर ⏭ शेष पेज 2 पर

# प्रतिबंधित मांस के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अजगरबहार के ग्राम नर्मदा में प्रतिबंधित गौ मांस रखने और पकाने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

बालको थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नर्मदा निवासी रामप्रसाद रोहिदास द्वारा अपने घर पर कथित रूप से प्रतिबंधित मांस (गोमांस) पकाया जा रहा था। इसकी भनक लगते ही स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उसके घर पर दबिश दी और मामले की जानकारी तुरंत बालको थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बालको पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी के घर की तलाशी ली, जहां से भारी मात्रा में मांस बरामद किया गया। पुलिस ने बरामद मांस को जब्त कर अपने कब्जे में ले लिया है। बालको पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी रामप्रसाद रोहिदास के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत अपराध पंजीकृत कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

# कोरबा से गायब इमारती लकड़ी, अभनपुर के आरा मिल में मिली, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन विभाग ने अवैध रूप से साल प्रजाति की कीमती लकड़ी की हेराफेरी करने के एक बड़े मामले का भंडाफोड़ किया है। विभाग ने इस कार्यवाही के दौरान लाखों रुपये कीमती साल की लकड़ी बरामद की है। बताया जा रहा हैं की इस मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अभनपुर स्थित एक आरा मिल को सील करने की बड़ी कार्यवाही की गई है।

कोरबा वन मंडल के अंतर्गत आने वाले सीएसईबी कॉलोनी में नियमानुसार अनुमति लेकर साल प्रजाति के सैंकड़ों पेड़ों की कटाई की गई थी। शासकीय प्रावधानों के मुताबिक, कटाई के बाद प्राप्त होने वाली साल लकड़ी को वन विभाग के डिपो में पहुंचाना था लेकिन पेड़ों की कटाई करने वाले कोरबा निवासी आरोपी ने नियमों को ताक पर रख दिया। उसने बेशकीमती लकड़ी को शासकीय डिपो में जमा करने के बजाय रायपुर के अभनपुर स्थित एक आरा मिल भेजा दिया ताकि वह मोटा मुनाफा कमा सके। मामले का खुलासा होने के बाद कोरबा डीएफओ प्रेमलता यादव विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की। पूछताछ और तकनीकी जांच में यह बात सामने आई कि गायब लकडियां सुनील गुप्ता द्वारा अभनपुर की एक आरा मिल में पहुंचाई गई हैं। इसके बाद वन विभाग की टीम ने अभनपुर स्थित उक्त आरा मिल में औचक दबिश दी। और वहां से लकडिया को बरामद कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है।

### दो महीने से पेयजल आपूर्ति ठप, शिकायत के बाद भी समस्या जस की तस

# करोड़ों की नल-जल योजना के बाद भी बूंद-बूंद पानी को तरस रहे दीपका वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका नगर पालिका के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में निवासरत लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। लगभग 6 वर्ष पूर्व क्षेत्र के 3 से 4 वार्डों के निवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से नल-जल योजना के तहत वाटर फिल्टर प्लांट और पानी टंकी का निर्माण कराया गया था। इसके साथ ही लाखों रुपये खर्च कर मोहल्लों में पाइपलाइन का जाल भी बिछाया गया था ताकि हर घर तक निर्बाद्ध जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके परंतु धरातल पर सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है।


वाटर फिल्टर प्लांट।

योजना के क्रियान्वयन के लगभग 6 साल बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध और सुचारू पीने का पानी घरों तक नहीं पहुंच पा रहा है इस अव्यवस्था के कारण ग्रामीणों और विशेषकर महिलाओं को दैनिक उपयोग तथा पीने के पानी की व्यवस्था के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है जिससे जनमानस में भारी आक्रोश व्याप्त है। विशेष रूप से वार्ड क्रमांक 1 शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड के गोबरघोरा रोहिदास मोहल्ला में स्थिति अत्यंत चिंताजनक हो चुकी है यहाँ पिछले 2 महीनों से पेयजल की आपूर्ति पूरी तरह से ठप्प पड़ी हुई है और नल से एक बूंद पानी भी नहीं आ रहा है। वार्ड पार्षद कमलेश जायसवाल ने कहा है कि दीपका नगर प्रशासन को इस गंभीर पेयजल संकट से कई बार मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है लेकिन प्रशासन के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। गोबरघोरा रोहिदास मोहल्ला के लोग आज भी पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दीपका नगर प्रशासन के क्षेत्र में अब ऐसी दुर्दशा हो गई है कि यहां की जनता को समस्याओं को ही विकास मानकर समझौता करना ⏭ शेष पेज 2 पर

### आंदोलन और कार्यालय घेराव की चेतावनी

वार्ड पार्षद और मोहल्लावासियों ने प्रशासन को दो टूक चेतावनी दी है कि यदि पेयजल जैसी अति-आवश्यक मूलभूत समस्या का निराकरण शीघ्र-अतिशीघ्र नहीं किया गया तो समस्त आक्रोशित वार्डवासियों द्वारा नगर पालिका कार्यालय का घेराव किया जाएगा इस दौरान होने वाले किसी भी प्रकार के जन-आक्रोश या कानून व्यवस्था की स्थिति की संपूर्ण जिम्मेदारी सीधे तौर पर दीपका नगर पालिका प्रशासन की होगी।

### कोयलांचल परिवहन संघ की समिति का गठन

**कोरबा।** एसईसीएल में कार्यरत वाहन ठेकेदारों से संबधित समिति कोयलांचल परिवहन संघ की जिला स्तरीय बैठक होटल जश्न रिसोर्ट में संपन्न हुई। जिसमे कोयलांचल परिवहन संघ की नई कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमे अध्यक्ष पी.विजयराव, उपाध्यक्ष कमरुल हसन, सचिव मनीष कुमार मिश्रा, कोषाध्यक्ष राम मिलन असाटी, मीडिया प्रभारी अमरीक सिंह (रिंकू) का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एसईसीएल के समस्त वाहन संचालकों की समस्याओं को सभी एरिया महाप्रबंधकों से मिलकर उनको अवगत कराते हुए समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण का प्रयास किया जावेगा।

आंगनबाड़ी, स्कूल भवन, प्रधानमंत्री आवास, गोबर गैस संयंत्र सहित विभिन्न विकास कार्यों का किया निरीक्षण

# वनांचल क्षेत्रों में पहुंचे जिला पंचायत सीईओ गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने गुरुवार को जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र पोड़ी उपरोड़ा के जटगा, पसान, अमलीकुंडा, बिनझरा, कापूबहरा, सिंघिया, कोरबी एवं तुमान का व्यापक भ्रमण कर विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत संचालित निर्माण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण एवं विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं ताकि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।

भ्रमण के दौरान सीईओ ने ग्राम पंचायत अमलीकुंडा में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी एवं स्कूल भवन का निरीक्षण किया एवं कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत बिनझरा में उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत स्थापित



निरीक्षण करते जिपं सीईओ ।

बायोगैस (गोबर गैस) संयंत्र का निरीक्षण कर हितग्राहियों से चर्चा की तथा संयंत्र के संचालन एवं उपयोगिता की जानकारी ली। इसी पंचायत में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) के अंतर्गत निर्मित कचरा संग्रहण शेड का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्व-सहायता समूह की महिलाओं से कचरा संकलन एवं प्रबंधन व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा करते हुए एसएलडब्ल्यूएम नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। ग्राम पंचायत कापूबहरा में सीईओ ने रीपा का निरीक्षण कर वहां कार्यरत स्व-सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया तथा वृक्षारोपण के लिए चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत कोरबी-सिंघिया में उन्होंने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण किया। वहीं सिंघिया में सामुदायिक शौचालय की उपयोगिता का जायजा लेकर स्थानीय दुकानदारों से चर्चा की। उन्होंने एसएलडब्ल्यूएम नियम-2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार तथा दुकानों में चार प्रकार के डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर हितग्राहियों को शीघ्र निर्माण पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। ग्राम पंचायत तुमान में सीईओ ने अटल डिजिटल सेवा केंद्र तथा निर्माणाधीन स्कूल भवन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत जटगा एवं ग्राम पंचायत पसान में आंगनबाड़ी, स्कूल भवन तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत संचालित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों से चर्चा कर तत्काल निर्माण प्रारंभ करने तथा सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# एवार्ड सेरेमनी में लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी को एवार्ड से किया गया सम्मानित



लायंस क्लब कटघोरा छुरी के पदाधिकारियों को सम्मानित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी शुरू से ही सेवा कार्यों में आगे रही है। क्लब के द्वारा वर्ष भर सामाजिक सेवा के कार्य किये जाते रहे हैं। यही कारण है की लायंस क्लब कटघोरा छुरी डिस्ट्रिक्ट के सांथ ही मल्टीपल व इंटरनेशनल में भी अपनी एक अलग पहचान बनाते हुए हर वर्ष एवार्ड प्राप्त करते आई है। इसी कड़ी में सत्र 2025-26 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पी एम जे एफ ला विजय अग्रवाल ने अपने सत्र 2025-26 की एवार्ड सेरेमनी बिलासपुर के होटल इंटरसिटी इंटरनेशनल में 19 जुलाई को आयोजित किया गया।

जिसमें डिस्ट्रिक्ट के सभी क्लब शामिल हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के द्वारा सभी क्लबों में से जिन जिन क्लबों के द्वारा उत्कृष्ट सेवा के कार्य करते हुए किये गए कार्यो की ऑनलाइन रिपोर्टिंग की गई उन सभी क्लबों को उनके द्वारा किये गए कार्यो का मूल्यांकन कर उन्हें मंच से एवार्ड प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया। जिसमें लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी से बेस्ट आउटस्टैंडिंग अध्यक्ष मनोज अग्रवाल,बेस्ट क्लब सचिव प्रकाश अग्रवाल, बेस्ट क्लब कोषाध्यक्ष राकेश गोयल, आउटस्टैंडिंग क्लब, सदस्यता वृद्धि एवं बेस्ट सर्विस क्लब के लिए लायन्स क्लब कटघोरा छुरी, परमानेंट प्रोजेक्ट, रीजन बेनर प्रेजेंटेशन एवार्ड, डिस्ट्रिक्ट पी आर ओ एवार्ड अजय धनोंदिया, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन एवार्ड मुकेश गोयल एवं प्रकाश अग्रवाल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला विजय अग्रवाल ने बताया कि निश्चित ही लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी शुरू से ही सभी सामाजिक सेवा कार्यो में साथ आगे रही ही है। इसके साथ ही क्लब के द्वारा जिस प्रकार से छोटे जगह में रहते हुए भी बड़े बड़े परमानेंट प्रोजेक्ट में भी रुचि लेते हुए कार्य किये जा रहे है निश्चित ही सराहनीय है। इस दौरान क्लब की ओर से संरक्षक अजय धनोंदिया, कलब अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव नरेंद्र अग्रवाल, अजय श्रीवास्तव, राजूदास दीवान उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### ड्यूटी से घर...

ने उसकी मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हरिहर दास की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मर्ग कायम कर दुर्घटनाकारित वाहन व मामले की जांच शुरू कर दी है।

### करोडड़ों की नल जल...

पड़ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वार्ड पार्षद एवं रोहिदास मोहल्ले के पीड़ित नागरिकों ने संयुक्त रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद दीपका को एक लिखित ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

# राम के नाम पर राजनीति नहीं, आस्था का सम्मान हो: जयसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा ने भगवान राम को सत्ता प्राप्ति का माध्यम बना लिया है, जबकि भगवान राम मर्यादा, सत्य

**खास बात**

- कांग्रेस ने की राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग

और न्याय के प्रतीक हैं। राम मंदिर में चढ़ावे की गड़बड़ी केवल आर्थिक अनियमितता का विषय नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा मामला है।

उक्त बातें पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। श्री अग्रवाल ने कहा कि भगवान राम किसी एक राजनीतिक दल की जागीर नहीं हैं बल्कि देश के करोड़ों श्रद्धालुओं की



पत्रकारवार्ता के दौरान पूर्व मंत्री एवं अन्य कांग्रेसी।

आस्था के केंद्र हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे प्रकरण में भाजपा नेताओं की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। यदि मामला भगवान राम की आस्था से जुड़ा है तो सत्ता पक्ष को खुलकर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। सरकार जांच के नाम पर केवल छोटे कर्मचारियों और निचले स्तर के लोगों पर कार्रवाई कर रही है, जबकि वास्तविक जिम्मेदार अब भी कानून की पकड़ से बाहर हैं। सरकार छोटी मछलियों को फंसाकर मगरमच्छों को बचाने में लगी हुई है। जब तक पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच नहीं होगी, तब तक सच्चाई सामने नहीं आएगी। राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण की समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी चाहे कितना भी प्रभावशाली क्यों न हो, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

# कुर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति ने डॉ. खूबचंद बघेल को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ के समाज सुधारक एवं जननायक डॉ. खूबचंद बघेल की जयंती के अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल स्मृति संस्थान तुलसी नगर चौक पंप हाउस में कुर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों, सदस्यगण एवं गणमान्य नागरिकों ने डॉ. खूबचंद बघेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को नमन करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज हित एवं जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाने का सामूहिक संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं डॉ. खूबचंद बघेल के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर किया गया। कुर्मी क्षत्रिय कल्याण समिति के अध्यक्ष रामकुमार वर्मा ने कहा कि डॉ. खूबचंद बघेल ने समाज को संगठित करने, किसानों के अधिकारों की रक्षा करने तथा शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने में ऐतिहासिक योगदान दिया। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा देने और जनहित के कार्यों के लिए प्रेरित करते हैं। सुशील कुमार वर्मा ने डॉ. खूबचंद बघेल के जीवन संघर्ष एवं सामाजिक योगदान पर विस्तार से



प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का सशक्त स्रोत है जो आत्मसम्मान, एकता और समाज सेवा का संदेश देता है। शिवचरण कश्यप ने कहा कि डॉ. खूबचंद बघेल का जीवन हमें समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझने की प्रेरणा देता है। सामाजिक समरसता, जनजागरण और किसान हितों के लिए उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने युवाओं से समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया।



### जल्द मिलेगी नगरवासियों को सुविधा

# सामुदायिक मंगल भवन निर्माण कार्य का बांकी पालिका अध्यक्ष ने किया निरीक्षण



निर्माण कार्य का निरीक्षण करती बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष एवं अन्य।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा**

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा की अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने गजरा क्षेत्र में निर्माणाधीन सामुदायिक मंगल भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, निर्धारित समय-सीमा तथा आवश्यक सुविधाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगरवासियों को जल्द ही एक सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक मंगल भवन की सौगात मिलने वाली है। भवन के तैयार होने के बाद क्षेत्र के लोगों को शादी-विवाह, छठी, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अन्य पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। सामुदायिक मंगल भवन बनने से लोगों को निजी आयोजनों के लिए बेहतर स्थान उपलब्ध होगा, जिससे उन्हें काफी सुविधा मिलेगी। पालिका अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों ने भी इस महत्वपूर्ण जनसुविधा के निर्माण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर पालिका की पहल की सराहना की।

## सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी में कम्प्यूटर कक्ष का हुआ शुभारंभ

**कोरबा।** सरस्वती शिशु मंदिर एचटीपीपी दर्री में विद्यार्थियों के तकनीकी एवं डिजिटल ज्ञान को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नवस्थापित कंप्यूटर कक्ष का शुभारंभ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों धनन्जय सिंह, बद्री प्रसाद स्वर्णकार एवं मेहुल द्वारा भगवान गणेश जी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।



## आईबी गेस्ट हाउस में किया गया पौधरोपण

**कोरबा।** पोंडी उपरोड़ा के आईबी गेस्ट हाउस में मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत पवन कुमार सिंह की उपस्थिति में ग्रीन डे के अवसर पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ पवन कुमार सिंह ने कहा हम सभी को संकल्प लेकर एक-एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए ताकि हमारा पर्यावरण शुद्ध एवं स्वच्छ रहे तथा वृक्षों का बचाव एवं उनका संरक्षण भी आवश्यक है।

## यादव समाज की वार्षिक बैठक में प्रतिभान बच्चों को किया गया सम्मानित

हरदीबाजार। यादव समाज धनिया राज की वार्षिक बैठक यादव धर्मशाला बस स्टैंड में रविवार को दोपहर 12 बजे से पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री कृष्ण के तैलचित्र की पूजा अर्चना कर की गई। तत्पश्चात वर्ष 2026 में कक्षा 10वी एवं 12वी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मान पत्र एवं 1100 रुपये की नगद राशि पदाधिकारियों के करकमलों से प्रदान किया गया। इस अवसर पर गोपाल यादव, धर्मेंद्र यादव खैरा से, प्रहलाद यादव धनिया से, रमेश अहीर, लक्ष्मी अहीर चांपा, राधे यादव, रामरतन अहीर खिशोरा, भैया राम यादव नोनबिर्रा, संजीत यादव कर्मंदी, गजानंद यादव,पूनम यादव बलौदा घनश्याम यादव पिपरसती,बजरंग यादव एवं सैकड़ों की संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित रहे। सभा को गोपाल यादव पूर्व सचिव महासभा सलाहकार तथा धर्मेंद्र यादव अध्यक्ष धनिया राज, प्रहलाद यादव पूर्व अध्यक्ष धनिया राज, लक्ष्मी अहीर सलाहकार महासभा आदि ने संबोधित किया।

**न्यायालय माननीय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बिलासपुर के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस**

प्रो.नं.18/(b) 03/7/2026
व्य. वाद क्र.- 350 अ/2024
पेशी ता. 07/08/2026

संजय गुप्ता **बनाम** विकास अग्रवाल वगैरह

बनाम :- दीप्ती पाण्डेय उम्र 29 वर्ष पति श्री प्रकाश पाण्डेय जाति ब्राम्हण, निवासी- मकान नं. 732, वार्ड नं. 04, ब्राम्हण पारा, पुरानी बस्ती कोरबा, तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.)

वादी द्वारा प्रतिवादीगण के विरूद्ध माननीय न्यायालय के समक्ष एक वाद संस्थित किया गया है जिसका पेशी दिनांक 07/08/2026 को दिन के 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समस किया जाता है। उपरोक्त पेशी दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अन्य किसी प्लीडर के माध्यम से उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके, और प्रतिरक्षा कर सके। यदि नियत तिथि को किसी प्रकार की आपत्ति/प्रतिरक्षा नहीं दिये जाने पर उक्त प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा किया जावेगा। यदि किसी कारणवश नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो उक्त प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

अत: आज दिनांक 01.07 .2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया है।

बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक : 01/07/2026

**(अनूप तिग्गा)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के चतुर्थ अतिरिक्त न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

TOP IN KORBA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षो से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ)
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
07759-222211, 9993000683, 9109488443, 9425558441
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

विद्यार्थी बचत योजना
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, MCom, Msc, PET, NEET की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये।
विद्यार्थी बुक डिपो
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745

## कोरबा जिले के कृषि प्रतिष्ठान

Vinodrai Chawra Mo. 098271 73808
Vishal Chawra Mo. 094241 41269
Kirloskar
VISHAL SUBMERSIBLE PUMP SET
Lubi Pumps
DHARTI PIPE & SANITARY MART
DEALERS: V-3, V-4, V-6 BOREWELL & OPENWELL SUBMERSIBLE PUMPSET
Main Road, Korba (C.G.) 495 678 Ph. No. 07759 248302
ISO 9001:2008
NABCB QMS 004

Mob.: 6264378526
पदमा बीज भण्डार
कृषि केन्द्र
धान बीज, सब्जी बीज, स्पेयर पंप एण्ड पाईप, कीटनाशक, खाद, तिरपाल, पी.वी.सी. पाईप, ग्रीन नेट, बॉन्ड्री जाली
झटका मशीन भी उपलब्ध है
सभी प्रकार के DAP यूरिया NPK किसी भी प्रकार के फसल में बीमारी का इलाज पाने के लिए 6264378526 में फसल की फोटो भेजें
पता - बिलासपुर रोड, हनुमान मंदिर चौक AP मॉल के पास कटघोरा

पटेल बीज भण्डार
एवं कीटनाशक केन्द्र
कीटनाशक दवाईयां, सब्जी, धान व के उन्नत बीज, स्प्रे पंप व पाट्‌र्स के विक्रेता फूलों
चाम्पा रोड, उरगा, जिला- कोरबा (छ.ग.)
मो. 9575701010, 9300688814

कृषि केन्द्र प्रो. अरविंद सिंघानिया 9827181110
सिंघानिया एजेंसीज
रसायनिक खाद, उन्नत बीज व कीटनाशक दवाईयाँ, स्प्रे पम्प, कृषि उपकरण एवं बागवानी सामानों के विक्रेता एवं जनरल आर्डर सप्लायर
रानी रोड, कोरबा (छ.ग.) पिन - 495678

आशीष बाजपेयी
अभिषेक बाजपेयी
98271-14110
98279-10750
कृषक जगत
कीटनाशक दवाईयाँ, रासायनिक खाद, सब्जी, अनाज व फूलो के उन्नत बीज, स्प्रे पंप व पार्टस, लॉन मूवर, गार्डन टूल्स व सभी कृषि उपकरण के विक्रेता व जनरल ऑर्डर सप्लायर
बजरंग टाकीज के पास, मेन रोड़, कोरबा (छ.ग.)

प्रो. दीपक देवड़ा
जय किसान बीज भंडार
रानी रोड इतवारी बाजार, कोरबा (छ.ग.)
98271-89730, 70007-63164
कोरबा जिले का सबसे बड़ा कृषि केन्द्र

कृषि केन्द्र
सर्वमंगला खाद भण्डार
कीटनाशक दवाईयाँ, बीज, रासायनिक खाद, स्प्रेयर पम्प एवं पाट्‌र्स के थोक व चिल्हर विक्रेता
1. जिला सहकारी बैंक के पास, ईतवारी बाजार कोरबा (छ.ग.) मो.6264971381
2. सुतर्रा रोड, बांकीमोंगरा (छ.ग.) मो.8225879897

## खबर संक्षेप



### पेंशनर्स ऐसोसिएशन ने उद्योग मंत्री को देवांगन को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा**। राज्य के पेंशनर्स की लंबित मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात शर्मा जिला शाखा के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव के निर्देशानुसार श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में लंबित महंगाई राहत का नियमित कर्मचारियों के साथ ही भुगतान किए जाने, पेंशनर्स के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना लागू किए जाने, 80 वर्ष के स्थान पर 70 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर पेंशन में 20 प्रतिशत अतिरिक्त वृद्धि प्रदान किए जाने, उच्च न्यायालय का आदेश के पालन में छठवें तथा सातवें वेतनमान के एरियर का भुगतान किए जाने, राज्य के पेंशनर्स को मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना में शामिल किए जाने, राज्य पेंशनर्स कल्याण मण्डल का पुनर्गठन नियमित सभा आयोजित किए जाने व प्रदेश के सभी जिलों में सियान-सदन पेंशनर्स भवन के निर्माण पर कार्यवाही किए जाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष विनय सोनवानी की विशेष उपस्थिति व पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात शर्मा के नेतृत्व में मंत्री श्री देवांगन को सौंपा जाकर ज्ञापन में उल्लेखित मांगों व पेंशनर्स हितार्थ समर्थन में अनुशंसा-पत्र छत्तीसगढ़ शासन को प्रेषित किए जाने निवेदन किया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान एसके पाठक, अजय पांडे, रेशम दुबे, लक्ष्मण महंत, पीएल साहू, नागेश गोरहा, गोपाल प्रजापति, सीताराम कंवर, तीजराम कुर्रे, जे एस पोर्त, सुरेश द्विवेदी, प्यारेलाल चौधरी, रामू पांडे उपस्थित थे।

### डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**कोरबा**। संचालनालय कृषि रायपुर द्वारा डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र उप संचालक कृषि व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र को उप संचालक कृषि व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ सफलता की कहानी प्रस्तुत करेंगे। कृषकों से आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। पुरस्कार की राशि 2 लाख व प्रशस्ति पत्र है। कृषि विभाग के उप संचालक कृषि ने बताया कि इस प्रतिस्पर्धा में केवल ऐसे कृषक ही सम्मिलित होने के लिए पात्र होंगे जो विगत दस वर्षों से कृषि का कार्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र में कर रहे हो। कृषक का चयन व मूल्यांकन फसल विविधीकरण व उत्पादकता वृद्धि के लिए नवीन कृषि तकनीकी अपनाने का स्तर है।

### सेवा प्रदाताओं की भर्ती के लिए आवेदन 23 तक

**कोरबा**। सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन हेतु सेवा प्रदाताओं की भर्ती हेतु 23 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। जिस पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है उनमें साईको-सोशल कांउसलर-1 पद, पैरालीगल कार्मिक/वकील-1 पद, पैरा मेडिकल कार्मिक-1 पद, कार्यालय सहायक-1 पद, सुरक्षा गार्ड/नाईट गार्ड-3 पद शामिल हैं। उक्त पदों हेतु आवेदन 23 जुलाई तक स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कोरबा में प्रस्तुत किया जा सकता है।

### सोनम वांगचुक के समर्थन में अधिवक्ता नफीस आज करेंगे अनशन

**कोरबा**। अधिवक्ता अब्दुल नफीस खान के नेतृत्व में शिक्षा, लोकतंत्र और जनहित के समर्थन में एक दिवसीय अनशन कोरबा में किया जाएगा। यह अनशन सोनम वांगचुक के आंदोलन और 21 दिन से चल रहे अनशन के समर्थन में सुभाष चौक निहारिका में किया जाएगा। अब्दुल नफीस ने वांगचुक के समर्थन में कहा है कि सोनम वांगचुक जिन मुद्दों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, वे केवल उनके व्यक्तिगत मुद्दे नहीं हैं। उन्होंने देशवासियों से 20 जुलाई को उनके आंदोलन के समर्थन में एकजुट होने का आह्वान किया था, लेकिन आज उन्हें बलपूर्वक अस्पताल ले जाया गया।

### भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी का अपमान बर्दाश्त नहीं : राजेश

**कोरबा**। भारतीय जनता पार्टी झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सह संयोजक एवं बिलासपुर संभाग प्रभारी राजेश यादव ने कटघोरा भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग द्वारा अटल परिसर की भूमि एवं सीमा की सुरक्षा को लेकर उठाए गए मुद्दे का पूर्ण समर्थन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के निर्माता भारतरत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम से जुड़े किसी भी परिसर, स्मारक अथवा सम्मान का अपमान भाजपा कार्यकर्ता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। राजेश यादव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य के गठन का ऐतिहासिक निर्णय लेकर प्रदेशवासियों के सपनों को साकार किया था। इसलिए उनके नाम से जुड़े अटल परिसर की भूमि, गरिमा और अस्तित्व पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण अथवा निर्माण कार्य स्वीकार्य नहीं है। यदि नगर पालिका द्वारा बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाना है।

# कीटनाशक दवाइयों के लिए किसानों को करना पड़ेगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिस तरह फसल के शुरुआती दौर में खाद बीज को लेकर मारा मारी मची हुई थी। अब कीटनाशक दवाइयों को लेकर भी वहीं स्थिति होने जा रही है। बारिश की वजह से बाहर आने वाली कीटनाशक दवाइयों की आपूर्ति लगातार प्रभावित हो रही है। कुछ दवाइयों की आपूर्ति की स्थिति भी ठप बनी हुई है।

फसल के पूर्व कीटनाशक दवाइयों के भंडारण को लेकर भी डिमांड लेटर समितियों से मांगा गया था। फसल के रकबे और बीते वर्ष के डिमांड को देखते हुए सहकारी समितियों के द्वारा कीटनाशक दवाइयों के लिए विभाग को डिमांड पत्र सौंपा था। शुरुआती दौर में इन दवाइयों की आपूर्ति की स्थिति तो ठीक रही किन्तु पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण अब दवाईयों की आपूर्ति बाधित हो रही है। कई बार इस बात को लेकर भी सहकारी समिति के प्रमुखों ने बैंक प्रबंधकों और कृषि विभाग को अवगत कराया है। लेकिन अब तक कीटनाशक दवाइयों के संबंध में विभाग के द्वारा सिर्फ यही कहा जा रहा है कि जितनी दवाईयों के लिए पूर्व में डिमांड लेटर मिला था उस आधार पर दवाईयों की आपूर्ति हुई है। आने वाले दिनों में स्थिति सामान्य होने पर दवाईयों की और आपूर्ति होगी।

### फसल पिछड़ने से दवाइयों की डिमांड भी बढ़ी

**खास बातें**

- फसल में लगने वाली बीमारी के लिए समय पर दवाइयों का मिलना हुआ कठिन



### सड़क मार्ग से होती है आपूर्ति

खाद बीज भंडारण हो या कीटनाशक दवाईयां आपूर्ति सड़क मार्ग से होती है। वर्तमान में अकलतरा रेलवे स्टेशन में रैक पाइंट होने के कारण विभागों को सड़क मार्ग से ही कीटनाशक दवाईयां और अन्य सामग्रियां ट्रांसपोर्ट कंपनियों के माध्यम से लाया जाता है और समितियों में दवाईयों का भंडारण किया जाता है। बारिश की वजह से रैक पाइंट में भी दवाईयों के समय पर नहीं पहुंचने से आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

### परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर उपचार के दौरान लापरवाही का लगाया आरोप

# उपचार के दौरान नवजात की हुई मौत, परिजनों ने मचाया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती जुड़वा नवजात बच्चों के इलाज के दौरान विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। परिजनों का आरोप है कि समय पर विशेष चिकित्सकीय सुविधा के लिए बड़े अस्पताल रेफर नहीं किए जाने के कारण एक नवजात की मौत हो गई जबकि दूसरा नवजात गंभीर हालत में बिलासपुर के अस्पताल में भर्ती है। नवजात की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा मचाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरु कर दी।

उल्लेखनीय है कि परशुराम नगर दादर निवासी शशिकांत ओझा की पत्नी ने 17 जुलाई को जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। करीब 16 साल बाद संतान होने से परिवार में खुशी का माहौल था। परिजनों का कहना है कि जन्म के कुछ घंटे बाद ही एक नवजात में पीलिया के लक्षण दिखाई दिए, जिसकी जानकारी अस्पताल के डॉक्टरों को दी गई। परिवार का आरोप है कि बच्चे की हालत लगातार बिगड़ती रही लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने स्थिति को गंभीर नहीं माना और समय पर विशेष चिकित्सकीय सुविधा के लिए बड़े अस्पताल रेफर नहीं किया। जब हालत ज्यादा खराब हुई, तब दूसरे अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई। इसके बाद दूसरे नवजात को भी शिशु रोग विशेषज्ञ के पास ले जाया गया, जहां से उसे गंभीर स्थिति में बिलासपुर रेफर कर दिया गया। फिलहाल उसका इलाज जारी है। नवजात की मौत के बाद परिजन अस्पताल पहुंच गए और डॉक्टरों से जवाब मांगने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि अस्पताल स्टाफ और परिजनों के बीच तीखी बहस और धक्का-मुक्की की स्थिति निर्मित हो गई। परिजनों ने पुलिस पर भी आरोप लगाया कि शिकायत देने के बावजूद समय पर कार्रवाई नहीं हुई।



अस्पताल परिसर में हंगामा मचाते परिजन।

### जांच के बाद मौत के रहस्य हटेगा पर्दा

अस्पताल प्रबंधन ने इलाज में लापरवाही के आरोपों से इनकार किया है। उनका कहना है कि नवजात की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही थी, आवश्यक उपचार दिया गया और हालत गंभीर होने पर ही रेफर किया गया। प्रबंधन का दावा है कि इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हुई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि नवजात की मौत इलाज में कथित लापरवाही से हुई या चिकित्सकीय जटिलताओं के कारण।

# पत्नी के भागने के विवाद में दोस्त ने दोस्त को पेट्रोल छिड़ककर फूंका, दोनों झुलसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम बुंदेली में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ पत्नी के भागने की बात को लेकर दो दोस्तों में खूनी संघर्ष हो गया। विवाद इस हद तक बढ़ गया कि एक युवक ने अपने ही साथी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आग लगते ही पास के तालाब में कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। इस घटना में दोनों युवक बुरी तरह से झुलस गए हैं जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**खास बात**

- रजगामार चौकी क्षेत्र के ग्राम बुंदेली का मामला

जानकारी के अनुसार रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बुंदेली में निवास करने वाले आनंद मंझवार 28 वर्ष पिता प्यारे लाल मंझवार शनिवार की रात बस्ती अपने दोस्त के घर गया हुआ था। जहां से वापस लौटते समय उसकी मुलाकात लीला सिंह उम्र 27 वर्ष पिता रतन सिंह से हो गई। इसी दौरान लीला सिंह ने आनंद को उसकी पत्नी के घर से भाग जाने की बात को लेकर ताने मारने लगा जिसके बाद आनंद ने भी लीला को यह कह दिया कि उसने भी तो किसी दूसरी महिला से शादी की है। इसी विषय पर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर लीला सिंह ने पास में रखे पेट्रोल को अपने ही दोस्त आनंद पर छिड़क दिया और माचिस मार दी। आग लगते ही आनंद चीखने-चिल्लाने लगा और पास के तलाब में कूद कर अपनी जान बचाई। इस दौरान आग के हवाले करने वाला हमलावर लीला सिंह भी लपटों की चपेट में आ गया और खुद भी झुलस गया। घटना के बाद आस-पास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत अस्पताल पहुँचाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, आनंद करीब 30 फीसदी झुलस चुका है और उसका इलाज मेडिकल कॉलेज में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही रजगामार चौकी पुलिस प्रभारी विनोद सिंह और मौके पर पहुंचे थे और आनंद के बयान के आधार पर लीला सिंह के खिलाफ पुलिस ने धारा 109 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# विद्युत संयंत्रों में मानक से अधिक कोयला स्टॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के विद्युत संयंत्रों में पर्याप्त कोल स्टॉक है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की 17 जुलाई की डेली कोल स्टॉक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि राज्य के सभी ताप विद्युत संयंत्रों में पर्याप्त कोयले का भंडार है। खासकर उत्पादन कंपनी के तीनों संयंत्रों में निर्धारित मानक से अधिक कोयला मौजूद है। जिससे राज्य में निर्बाद्ध बिजली उत्पादन की उम्मीद बनी हुई है।

**खास बात**

- केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की डेली कोल स्टाक रिपोर्ट में हुआ खुलासा

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की रिपोर्ट के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी के तीनों ताप विद्युत संयंत्रों की कुल स्थापित क्षमता 2840 मेगावाट है। इन संयंत्रों में वर्तमान में 14.53 लाख टन कोयला उपलब्ध है जबकि मानक आवश्यकता 8.09 लाख टन है। यानी कुल कोयला स्टॉक निर्धारित आवश्यकता का लगभग 180 प्रतिशत है। जारी रिपोर्ट के अनुसार डीएसपीएम में निर्धारित आवश्यकता का 224 प्रतिशत कोयला स्टॉक है, एचटीपीएस में 181 प्रतिशत कोयला उपलब्ध उपलब्ध है इसी तरह मड़वा ताप विद्युत संयंत्र में 158 प्रतिशत कोयला स्टॉक मौजूद है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य का कोई भी ताप विद्युत संयंत्र क्रिटिकल कोल स्टॉक श्रेणी में नहीं है। मानसून के दौरान भी बिजली उत्पादन के लिए पर्याप्त ईंधन उपलब्ध है, जिससे आने वाले समय में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की संभावना नहीं दिख रही है।



फाइल फोटो

# बाइक चोरी के बाद संचालक ने फाड़ी पार्किंग पर्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला अस्पताल परिसर में संचालित वाहन पार्किंग की व्यवस्था कटघरे में आ गई है।

**खास बात**

- जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर का मामला

पार्किंग में खड़ी एक बाइक चोरी हो गई। इससे भी गंभीर बात यह रही कि वाहन मालिक के अनुसार पार्किंग संचालक ने चोरी की घटना के बाद पार्किंग पर्ची वापस लेकर फाड़ दी। इसके बाद सिविल लाइन थाना रामपुर में मामला दर्ज किया गया है।

एफआईआर के अनुसार ग्राम खिसोरा बलौदा निवासी पंकज अहिर ने 17 जुलाई की रात करीब 8:30 बजे अपनी हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 11 बीजी 0476 को जिला अस्पताल परिसर स्थित वाहन स्टैंड में खड़ा किया था। पार्किंग शुल्क लेकर उसे पर्ची भी दी गई। इलाज संबंधी कार्य से लौटने पर बाइक स्टैंड से गायब मिली। शिकायत में दर्ज है कि घटना की जानकारी देने पर पार्किंग संचालक ने वाहन की पार्किंग पर्ची अपने पास लेकर फाड़ दी। ऐसे में अब सवाल यह उठ रहा है कि जब वाहन शुल्क लेकर पार्किंग में खड़ा कराया गया था तो उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी थी। यदि पार्किंग परिसर से ही वाहन चोरी हो जाए और उसके बाद पार्किंग पर्ची भी नष्ट कर दी जाए, तो पूरी व्यवस्था की जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। पंकज अहिर की शिकायत पर सिविल लाइन थाना रामपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) के तहत चोरी का अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। अब यह जांच का विषय होगा कि बाइक चोरी की घटना में पार्किंग व्यवस्था और ठेका संचालक की भूमिका क्या रही तथा सुरक्षा में कहीं लापरवाही तो नहीं बरती गई।

### वर्षा ऋतु में सांपों का बाहर निकला प्रकृति का समान्य व्यवहार : निशांत

**कोरबा**। विश्व सर्प दिवस के अवसर पर नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी (वाइल्डलाइफ रेस्क्यू टीम कोरबा) ने आमजन से सर्पों के संरक्षण एवं सह-अस्तित्व का संदेश दिया,संस्था द्वारा वर्षों से वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर जिले में सर्प संरक्षण, सुरक्षित रेस्क्यू, जन-जागरूकता एवं मानव सर्प संघर्ष को कम करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। संस्था के द्वारा अब तक हजारों सर्पों का सुरक्षित रेस्क्यू कर उन्हें उनके प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया है, साथ ही स्कूलों, महाविद्यालयों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को यह बताया जा रहा है कि अधिकांश सर्प विषहीन होते हैं और बिना कारण किसी पर हमला नहीं करते, भय या अंधविश्वास के कारण सर्पों की हत्या करना न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत दंडनीय भी हो सकता है। सर्प प्रकृति के सबसे महत्वपूर्ण जीवों में से एक हैं, ये खेतों एवं जंगलों में चूहों और अन्य हानिकारक जीवों की संख्या नियंत्रित करते हैं, जिससे किसानों की फसल सुरक्षित रहती है तथा खाद्य श्रृंखला एवं पारिस्थितिक संतुलन बना रहता है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### स्थानीय पार्षदों ने लगाये पौधे, हरित कोरबा के संकल्प को पूरा करने दी सहभागिता

# एक पेड़ मां के नाम, सियान सदन के समीप पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत शहर के घंटाघर से बुधवारी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित सियान सदन के समीप पौधरोपण किया गया, स्थानीय पार्षदों ने उक्त स्थल पर पौधे रोपित किये तथा हरित कोरबा के संकल्प को पूरा करने में अपनी सहभागिता देते हुये पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में जिला प्रशासन व निगम के द्वारा पर्यावरण संक्षरण एवं हरित कोरबा के संकल्प को साकार के करने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत सघन पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। इसकी शुरूआत 18 जुलाई को घंटाघर ओपन थियेटर मैदान में रन फार ग्रीन का वृहद आयोजन कर की गई थी। अभियान के अंतर्गत सघन पौधरोपण का कार्य लगातार आगामी 60 दिनों तक किया जायेगा। अभियान के दूसरे दिन शहर के घंटाघर से बुधवारी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर सियान सदन के समीप वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर पार्षद पंकज देवांगन, अनुज जायसवाल, सुभाष राठौर, राकेश वर्मा, पूर्व पार्षद सुशील गर्ग व अविनाश बंजारे के साथ ही गुलजार सिंह, डा.संजय अग्रवाल, सोनल फेलिक्स, रामलाल पटेल, अमित बनर्जी, निगम के अधीक्षण भूषण उरांव, उद्यान आनंद राठौर सहित अन्य लोगों ने पौधरोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण व हरित कोरबा के संकल्प को पूरा करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



पौधरोपण करते पार्षद।

